हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

12 नागरिक अस्पताल के रेनोवेशन का काम 31 मार्च तक पूरा करने के आदेश



12 5346 उपभोक्ताओं ने नहीं भरा पानी का बिल, अब कटेंगे कनेक्शन



**खबर संक्षेप**

### समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**फतेहाबाद।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार जिला अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। समाधान शिविर में भिरड़ाना निवासी प्रहलाद व इंदाछोई निवासी सतबीर ने इनकम कम करवाने, शिव चौक फतेहाबाद निवासी पुष्पा रानी ने राशन कार्ड बनवाने आदि समस्याएं प्राप्त हुई।

### हजारों की नकदी सहित सट्टा खाईवाल गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर टोहाना की पुलिस टीम ने पुल के पास सरेआम सट्टा लगवाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 11,980 रुपये की नकदी और सट्टा सामग्री बरामद की है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान सूचना मिली कि राजनगर निवासी बनारसी दास रेलवे पुल के नीचे गऊशाला के पास सरेआम सट्टा लगवा रहा है।

### हेरोइन सहित बाइक सवार युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने बाईक सवार युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि सीआईए टोहाना टीम गश्त व नशा रोकथाम अभियान के तहत गांव जमालपुर शेखा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक हेरोइन की सप्लाई के लिए मोटरसाइकिल पर आ रहा है। सूचना के कार्रवाई की गई।

## अस्पताल में ओपीडी 600 से बढ़कर 800 तक पहुंची

# मौसम में बदलाव: वायरल फीवर, फेफड़ों में संक्रमण और चिकनपॉक्स रोगी बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏩ फतेहाबाद

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर नजर आने लगा है। शहर के नागरिक अस्पताल में इन दिनों वायरल फीवर के साथ-साथ फेफड़ों में संक्रमण और सांस संबंधी बीमारियों के अलावा चिकनपॉक्स के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इनमें सबसे अधिक प्रभावित बच्चे और बुजुर्ग हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण अस्पताल की ओपीडी में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार पिछले 3 से 4 दिन में ओपीडी में करीब 50 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। पहले जहां नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन करीब 500 से 600 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 800 के पार पहुंच चुकी है।

**सबसे अधिक प्रभाव बच्चे और बुजुर्गों पर पड़ रहा**



### गर्म कपड़े पहनें, ठंडी चीजों से परहेज करें

डॉ. गुंजन बंसल ने बताया कि ओपीडी करीब 50 प्रतिशत बढ़ी है। इनमें सबसे अधिक बुजुर्ग मरीज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों के फेफड़े कमजोर होते हैं और मामूली सर्दी-जुकाम भी संक्रमण का रूप ले सकता है, इसलिए बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि बदलते मौसम में गर्म कपड़े पहनें, ठंडी चीजों से परहेज करें और किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

### 10 % मरीज सांस व फेफड़ों के संक्रमित

नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. बुधराम का कहना है कि वायरल संक्रमण के चलते मरीजों में सांस लेने में दिक्कत, गले में खराश और फेफड़ों से जुड़ी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि उनकी ओपीडी में आने वाले करीब 10 प्रतिशत मरीज सिर्फ सांस और फेफड़ों के संक्रमण से संबंधित हैं। इन दिनों उनके पास रोजाना करीब 80 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें सीओपीडी और अस्थमा के मरीजों की संख्या भी काफी है। डॉ. बुधराम ने बताया कि मौसम परिवर्तन के कारण ऐसे मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि वायरल से बचाव के लिए भाप लेना लाभकारी है। सांस के मरीजों को नियमित रूप से इन्हेलर का प्रयोग करना चाहिए।

चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में अचानक बदलाव के कारण सर्दी, खांसी, बुखार और सांस की शिकायतें तेजी से बढ़ी हैं। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. रमा बंसल का कहना है कि इन दिनों मौसम बदलने पर चिकनपॉक्स के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। आमतौर पर जब तापमान पीक पर होता है, यानि मई-जून में चिकनपॉक्स के मामले आते थे लेकिन पहली बार फरवरी में ही चिकनपॉक्स के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने इसे वायरल बताया है।



सिरसा। मांगों को लेकर ज्ञापन देने जाते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

# हिसार-घग्घर ड्रेन समस्या को लेकर किसानों ने दिया धरना

- सैंकड़ो किसान पहुचें लघु सचिवालय, जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिरसा

हिसार घग्गर ड्रेन की समस्या को लेकर किसान यूनियन हरियाणा के बैनर तले किसानों ने रोष प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय के बाहर धरना दिया। इसी संबंध में किसानों ने उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों की मुख्य मांग घग्गर ड्रेन यानी सेमनाले के पानी की घग्गर में व्यवस्थित तरीके से निकासी किए जाने व तटबंदों को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन में चोपटा क्षेत्र के किसान शामिल हुए। किसान नेता प्रकाश ममेरां के नेतृत्व में किसान यूनियन के बैनर तले सभी किसान बरनाला रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम के मुख्य गेट पर एकत्रित हुए। इसके पश्चात तमाम किसान नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और परिसर के गेट पर धरना देकर रोष जताया।

**ज्ञापन सौंपा**

वहीं अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त के नाम ज्ञापन दिया। शिकायत के माध्यम से किसानों ने बताया कि हिसार घग्गर ड्रेन में 1000 क्यूसिक से भी ज्यादा पानी आता है। जो पिछले साल यही सेमनाला सिरसा जिला में 10 जगह टूट गया। जिसके टूटने से पिछले वर्ष पंतालीसा क्षेत्र में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। किसानों ने प्रशासन गुहार लगाई कि बरसात के सीजन से पहले सेमनाला की सफाई और उसके तटबंद मजबूत किये जाएं और आगे जो पानी साईफन से निकलने की व्यवस्था है, वो घग्गर में पानी आ जाने की वजह से पानी बैक मारता है।

# यूके भेजने के नाम पर 26 लाख की ठगी

- धोखाधड़ी के मामले में गिरोह की एक महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिरसा

पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर करीब 26 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में गिरोह की एक महिला को गिरफ्तार किया है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने गुरुवार को बताया कि विनोद कुमार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वह परिवार सहित विदेश जाने का इच्छुक था और उसकी मुलाकात सुखेराखेड़ा निवासी राजन से हुई। राजन ने विनोद कुमार से कहा कि उसका भाई अमनदीप व सचिन यूके में रहते हैं और मैं उनसे बात कर आपको जल्द ही यूके भिजवा दूगां आप पैसों का इंतजाम करें। आरोपी राजन ने पीड़ित व्यक्ति को परिवार सहित यूके भेजने का पूरा प्रोसस बताते हुए 32 लाख रुपए की डिमांड की।



ठगी के आरोप में गिरफ्तार महिला।

# शाहपुरिया गांव में तेंदुए की दहशत खत्म

- वन्य जीव विभाग ने बताए गीदड़ के पांव के निशान

हरिभूमि न्यूज ⏩ चोपटा

क्षेत्र में जंगली जानवर तेंदुए को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। राजस्थान की सीमा से सटे हरियाणा के गांवों में पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी की सूचनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में चोपटा क्षेत्र के गांव शाहपुरिया में भी तेंदुआ देखे जाने की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लेकिन वीरवार को सूचना मिलने पर वन्य जीव विभाग की टीम गांव शाहपुरिया पहुंची और उन्होंने पांव के निशान की फोटो खींचकर उच्च अधिकारियों को भेजा उन्होंने बताया कि यह किसी गीदड़ के पांव के निशान है।



सिरसा। तेंदुए की अफवाह को लेकर सतर्क हुए ग्रामीण।

**जंगली जानवरों की दें सूचना**

जिला वन्य जीव अधिकारी जयविंद्र सिंह ने बताया कि गांव शाहपुरिया में जंगली जानवर के आने की सूचना मिली सूचना मिलते ही वीरवार को विभाग की टीम ने जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील कि किसी प्रकार के जंगली जानवर की सूचना मिलने पर तुरंत वन्य जीव विभाग को सूचित करें।



To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.
नया शोरूम :– तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली. : 86077 80000

सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल

फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।



## जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

## कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। यह उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

## सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



## गोवा कार्निवल, गोवा भारत

**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो' चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *



अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक

बच्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।



**शारीरिक रंग-रूप:** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर:** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता है:** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजन:** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटुनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *

बालगीत / सिराज अहमद

## चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर हंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज
छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें



1 तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप भी मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।



2 लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।

3 चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2.पान, 3. बकरी

## जीके क्विज-191

1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

# कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



एक घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई। घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान


एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

# दिल्लू ने बनाया दलिया

दादी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुई बोलीं, 'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

**रंग भरो-195** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा



डिंपल, दुर्ग



पूर्वी, खैरागढ़



कल्पित, बालोद



श्रुति, भिवानी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**



### अखिल भारतीय सेवा संघ ने बच्चों को जूते-जुराब बांटे

**हिसार।** सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सैनी सभा ट्रस्ट के तत्वाधान में अखिल भारतीय सेवा संघ ने गरीब बच्चों को जूते-जुराब वितरित किए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा की अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ उपस्थित हुई। इस मौके पर डॉ. आशा खेदड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि परीक्षा का समय नजदीक है। बिना तनाव के अच्छे से परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं और अपने भविष्य को संवारें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. रमेश कुमार, अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद धवन, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सपड़ा, संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी, रामचंद्र गुप्ता, विनोद गोयल, संजय सेहरा, संजीव राजपाल, विनोद वर्मा, गुलशन कथूरिया, प्रोजेक्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सैनी व नवीन पायल आदि मौजूद थे।

### संस्थान के 36 विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में राने स्टीयरिंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, औद्योगिक मॉडल टाउन, जलालपुर, बावल ने पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 36 विद्यार्थी चुने गए। इनमें 8 विद्यार्थी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, 6 विद्यार्थी ईसीई, 16 विद्यार्थी इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग तथा 6 विद्यार्थी मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा से चयनित हुए।

### जिंदगी बने आसान महोत्सव का आगाज आज से

**हांसी।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 6 फरवरी से पांच दिवसीय जिंदगी बने आसान महोत्सव शुरू हो रहा है। संस्था की ओर से बीके लक्ष्मी दीदी ने बताया कि बरवाला बाइपास रोड़ स्थित शांति सरोवर पर दोपहर 3 बजे शुरू होने वाले इस उद्घाटन समारोह में राजयोगिनी आशा दीदी मुख्य वक्ता होंगी। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना, डीसी राहुल नरवाल और एसडीएम राजेश खोथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### संत सत्यानन्द स्कूल में हुई खेल प्रतियोगिता

**बरवाला।** संत सत्यानंद विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रागंण में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ नगरपालिका मे कार्यरत संदीप पुनिया के द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के खेल ग्राउंड में रिले-रेस, खो-खो, कबड्डी, बैलून रेस, कोन बैलेंस, 100 मीटर दौड और 200 मीटर दौड़ आदि खेलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### अंडरपास की मांग को लेकर धरना जारी

**उकलाना।** अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर जारी धरना गुरुवार को 21वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने को खुशी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं गुरु प्रेम सुख सेवा परिवार के प्रतिनिधियों ने समर्थन दिया। गुरु प्रेम सुख सेवा समिति के शीशपाल चहल ने कहा कि यह मांग पूरी तरह जनहित से जुड़ी हुई है और सरकार को इसका तुरंत समाधान करना चाहिए।

## समाधान शिविर में उपायुक्त महेंद्र पाल ने सुनी जनसमस्याएं

# ढाणियों के रास्तों में जलभराव एसई को दिए समाधान के निर्देश

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गलत तरीके प्लॉट अलॉट करने की शिकायत पर डीडीपीओ को जांच के निर्देश दिए
- हाउस टैक्स अधिक आने संबंधी शिकायत की भी जांच कर कार्रवाई करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

नागरिकों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जिला सभागार में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कृष्णा नगर निवासी रामानंद द्वारा उनके मकान का हाउस टैक्स अधिक आने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने नगर निगम विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव डोभी के ग्रामीणों ने घुड़वाल माइनर से लगती ढाणियों के कच्चे रास्तों में जलभराव के चलते मिट्टी डलवाकर ऊंचा करने की मांग पर उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के एसई को मौका मुआयना कर ग्रामीणों के समक्ष आ रही समस्या को दुरुस्त करने की हिदायत दी। गांव तलवंडी बादशाहपुर निवासी रामसिंह द्वारा रावत खेड़ा से रूपाना तक बन रही सड़क के दोनों तरफ मजबूत बिरम बनाने तथा खेत की पैमाइश के हिसाब से काम को जल्द पूर्ण करवाने की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य प्रार्थी द्वारा बीपीएल राशन कार्ड कटवाकर एनओसी दिए जाने की मांग पर और मिल गेट निवासी नरेश कुमार की पीपीपी से संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने की हिदायत दी।

**कार्रवाई की हिदायत दी**

गांव सारंगपुर निवासी एक प्रार्थी द्वारा गांव के सरकारी स्कूल के रास्ते को ठीक करवाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गलत तरीके प्लॉट अलॉट करने की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने की हिदायत दी। समाधान शिविर में नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



हांसी। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुनते डीसी राहुल नरवाल फोटो : हरिभूमि

## शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों के सामने व्यवस्थित हो वाहनों की पार्किंग : नरवाल

**समाधान शिविर में विश्वकर्मा चौक पर लोडिंग वाहन खड़े होने की एक शिकायत पर दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर में शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों, बैंकों सहित सभी निजी संस्थानों के आगे वाहनों की पार्किंग व्यवस्थित तरीके से होनी चाहिए, ताकि नागरिकों को आवाजाही में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो।

यह निर्देश डीसी राहुल नरवाल गुरुवार को जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में विश्वकर्मा चौक पर भारी लोडिंग वाहनों के खड़े होने की एक शिकायत को सुनते हुए दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे किसी भी सूरत में लोडिंग वाहनों को विश्वकर्मा चौक के आसपास खड़ा नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि भारी लोडिंग वाहनों की पार्किंग के लिए जिला प्रशासन द्वारा नई ऑटो मार्केट में जगह निर्धारित की जा चुकी है।

वहीं परिवार पहचान पत्रों में आय को दुरुस्त करवाने को लेकर आ रहे आवेदनों पर डीसी राहुल नरवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों की गहनता से जांच कर इसे दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनवाने को लेकर प्रस्तुत आवेदनों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तुरंत आवेदनों की जांच कर सही पाए जाने वाले लोगों की पेंशन बनवाने का कार्य पूर्ण करें।

**ये रहे मौजूद**

शिविर में एसडीएम राजेश खोथ, एसडीएम कार्यालय के उप अधीक्षक धर्मवीर रंगा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

डीसी राहुल नरवाल ने समाधान शिविर में आई रेलवे स्टेशन पुल के पास जमा बरसाती पानी तथा स्ट्रीट लाइटों की शिकायत के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन पुल के पास बरसाती पानी निकासी तथा स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होंने नहर के निकट नियमित रूप से साफ सफाई करवाने के भी निर्देश दिए।

## अचानक आधी रात को बास थाने पहुंचे एसपी, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- सभी सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा हार्ड डिस्क का स्टोरेज भी चेक की
- परिसर की सफाई, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, मैस व कर्मचारियों की बैरकों भी देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन द्वारा बुधवार रात को बास थाना का औचक निरीक्षण कर थाने की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रूम, मुंशी कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, मैस तथा पुलिस कर्मचारियों की रहने वाली बैरकों का गहनता से निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त थाना परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा हार्ड डिस्क का स्टोरेज भी चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना में लंबित मामलों, दरखास्तों एवं अभियोगों की समीक्षा की। थाना में मुकदमा या अन्य कारणों से खड़े वाहनों के शीघ्र निपटान के लिए थाना प्रबंधक बास व थाना मोहरर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ मधुर व्यवहार किया जाए, शिकायत की तुरंत पावती दी जाए तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने रात्रि गश्त, नाकाबंदी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष मुस्तैदी से निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की भी मौके पर जांच की गई तथा उन्हें सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

### गांव प्रेम नगर की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** जन सहयोग मंच ने गुरुवार को गांव प्रेमनगर की जन समस्याओं का लेकर महासचिव तुलसीदास की अध्यक्षता में एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपा। जन सहयोग मंच प्रेम नगर के सचिव सुनील मजोका ने बताया कि रेलवे पुल के उपर लगाई गई सभी स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, जबकि कुछ खंभों पर तो लाइटें लगाई ही नहीं गई है। ज्ञापन में रेलवे पुल के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनवाने, रेलवे पुल पर बने गड्ढे को रिपेयर करवाने, रेलवे पुल की साइडों की प्रतिदिन सफाई करवाने, रेलवे पुल के मोड़ों पर साइन बोर्ड लगवाने तथा पुल के नीचे जमा गंदे व बरसाती पानी की निकासी का स्थायी बंदोबस्त किया जाए। नहर के पास लगे कूड़े के ढेरों की साफ-सफाई करवाने तथा रेलवे पुल के साथ खड़े सीवर ओवर फ्लोइंग के गंदे पानी की निकासी का तुरंत प्रभाव से समाधान करवाने की मांग की गई है। इस अवसर सुनील, अक्षय, सुल्तान सिंह, अरुण, अशोक, कृष्ण सैनी, रोशन व सोनू इत्यादि सहित कई अन्य मौजूद थे।

## बिना किसी ठोस कारण जनकार्यों व अन्य विभागीय फाइलें लंबित न रखें अधिकारी

- उपायुक्त ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते एवं नागरिकों से बातचीत करते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त महेंद्र पाल ने वीरवार को स्थानीय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, लंबित कार्यों, फाइलों के रख-रखाव तथा विकास कार्यों की प्रगति का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं और विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों से भी प्रतिक्रिया ली गई। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय में रखी विभिन्न फाइलों व रिकॉर्ड की जांच की और कहा कि सभी दस्तावेजों का सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पंचायत संबंधी रिकॉर्ड को समय-समय पर ठीक रखने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी योजनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी हों और उनका लाभ पात्र लाभार्थियों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उपायुक्त ने कहा कि कार्यालय में बिना किसी ठोस कारण के जनकार्यों व अन्य विभागीय फाइलों को लंबित न रखा जाए। उपायुक्त ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और कहा कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यालय वातावरण न केवल कार्यकुशलता बढ़ाता है, बल्कि आमजन को बेहतर सेवाएं देने में भी सहायक होता है। उन्होंने कर्मचारियों को आम नागरिकों के साथ शालीन व संवेदनशील व्यवहार रखने तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने चलाया प्रचार अभियान

**हांसी।** केंद्र सरकार की कर्मचारी व जनविरोधी नीतियों के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से सर्व कर्मचारी संघ ब्लाक हांसी के सिंचाई विभाग के जिलेदार भवन में किसानों और कर्मचारियों से बात कर हड़ताल के बारे में बताया ओर सफल बनाने के बारे चर्चा की। जनसंपर्क के दौरान कर्मचारी नेताओं ने सरकार के ऑनलाइन पोर्टल सिस्टम के प्रति भारी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी उन्हें पोर्टल की लंबी प्रक्रियाओं और लाइनों में उलझना पड़ता है, जिससे आम जनता व कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के दौरान कर्मचारी नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की।

### श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल में एड्स जागरूकता रैली निकाली




**हांसी।** श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल में गुरुवार को'एड्स जागरूकता के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा रैली का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया। वहीं इस पर आयोजित जागरूकता रैली रैली को विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्य की भावना विकसित करते हैं।इस रैली के माध्यम से लोगों में एचआईवी (एड्स) के प्रति जागरूकता फैलाने में सहायता मिली। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जागरूकता एवं करुणा का संदेश दिया। रैली में एबीआरसी अधिकारी आरती यादव (ढाणा खुर्द), विद्यालय के सभी शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर की चर्चा, बैठक करके बनाई रणनीति

- केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एक संघर्ष होगी यह हड़ताल : सुरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मनोज कुमार, मेहरसिंह, कृष्णा नैन, जोरा सिंह, अशोक सैनी, राजेश बागड़ी, एमएल सहगल, रूप सिंह, जयवीर मोर, नरेश गौतम आदि मौजूद थे।

संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की तैयारियों पर चर्चा करते हुए इसकी सफलता के लिए जिला स्तर पर कार्य योजना तय की है। इस संबंध में संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने गुरुवार को यहां बैठक करके हड़ताल बारे चर्चा की। इसमें सीटू, इंटक, एटक, सर्व कर्मचारी संघ, महासंघ और सुशी सहित विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सीटू नेता का. सुरेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह हड़ताल केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एक संघर्ष होगी। इसमें मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, कर्मचारी और छोटे व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने ने बताया कि बढ़ते बिजली बिल जनता के लिए एक बड़ी समस्या हैं। हरियाणा में बिजली दरों में बार-बार बढ़ोतरी, फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट (एफएसए), स्लैब परिवर्तन और फिक्स्ड चार्ज के कारण आम घरों के बिजली बिलों में वृद्धि हुई है। उन्होंने बिजली बिल-2025 की नीतियों का विरोध किया। मजदूर नेता सुरेश ने बताया कि यूनियनों ने स्मार्ट मीटर योजना को जबरन लागू करने का भी विरोध किया, उनका कहना है कि इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। शांति बिल जैसे कानूनों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए चुनौती बताया गया। हड़ताल की प्रमुख मांगों में चारों लेबर कोड्स रद्द कर पुराने श्रम कानून बहाल करना, मनरेगा की बहाली और मजदूरी बढ़ाना, निर्माण श्रमिकों के पोर्टल को तुरंत खोलना, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के 31 दिसंबर 2025 के फैसले का क्रियान्वयन शामिल है।

### औद्योगिक इकाइयों को असीमित ऊंचाई तक निर्माण की अनुमति देने स्वागत

**हिसार।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूप वाला ने प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों को असीमित ऊंचाई तक निर्माण की अनुमति देने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे उद्योग हित में एक दूरदर्शी और सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि अब तक औद्योगिक इकाइयों में अधिकतम 15 मीटर ऊंचाई तक ही निर्माण की अनुमति थी, जिससे कई उद्योगों को विस्तार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की उद्योग एवं व्यापार के प्रति सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि निरंतर ऐसे जनहितकारी और विकासोन्मुख निर्णय लिए जा रहे हैं। इस नई नीति से विशेष रूप से छोटे व मध्यम उद्यमियों को बड़ा लाभ मिलेगा, जो सीमित संसाधनों के कारण महंगी जमीन खरीदने में असमर्थ थे।



### एसडी मॉडर्न स्कूल में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाकर बताए फायदे



**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल पब्लिक स्कूल में गुरुवार सुबह विद्यार्थियों के लिए सूर्य नमस्कार अभियान 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई मनीषा यादव व सीटीओ प्रियंका की देखरेख में आयोजित किया गया। स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि विवेकानंद जयंती के अवसर 12 जनवरी को इस अभियान की शुरुआत की गई थी, जो कि 12 फरवरी स्वामी दयानंद जयंती तक जारी रहेगा। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जगदीप आर्य के निर्देशन तथा आयुष विभाग के तत्वाधान में जिलाधिकारी डॉक्टर धर्मपाल पूनिया, योग कोऑर्डिनेटर डॉक्टर बलराज, योग विशेषज्ञ पूजा, योग सहायक संजना ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया व सूर्य नमस्कार से होने वाले फायदे बताए गए।

**बा अदालत जनाब ए सी-II ग्रेड कम उप तहसीलदार साहब, भट्टूकलां**

**नोटिस बनाम जनरल पब्लिक**

**विषय : वसीयतनामा के आधार पर इन्तकाल विरासत करने बारे।**

उपरोक्त विषय पर एक दरखास्त वा बयान हलफिया रणधीर पुत्र हरी सिंह, गांव जाण्डवाला बागड़ उप तहसील भट्टू कलां जिला फतेहाबाद ने एक वसीयतनामा रजिस्ट्री नंबर 49 दिनांक 11-06-2019 सब रजिस्ट्रार भट्टू कलां मुतवफी हरी सिंह पुत्र प्रभुराम (मृत्यु तिथि 13-02-2023) निवासी जाण्डवाला बागड़ उप तहसील भट्टूकलां जिला फतेहाबाद का इन्तकाल दर्ज वा मन्जुर करवाने बारे दी है। जिस पर कार्यवाही करते हुए आमजन को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वसीयतनामा का इन्तकाल विरासत दर्ज वा मन्जुर करने में किसी को कोई एतराज है तो वह इस नोटिस जारी होने के 15 दिन के अन्दर-अन्दर अपने दावे/आपत्ति इस न्यायालय में असालतन या वकालतन प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त वसीयतनामा के आधार पर इन्तकाल विरासत बाहक रणधीर आदि कर दिया जाएगा और बाद मियाद कोई दावे/आपत्ति मान्य ना होगा और एक पक्षीय निर्णय कर दिया जाएगा। यह नोटिस आज दिनांक 10-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर वा इस न्यायालय की मोहर सहित जारी किया गया।

-उप तहसीलदार,
भट्टू कलां (फतेहाबाद)

### नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स में कांस्य पदक विजेता सोहन सिंह का अभिनंदन



**हिसार।** केरल के त्रिवेंद्रम में आयोजित 42वीं मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में कार्यरत धावक सोहन सिंह द्वारा 35 से अधिक आयु वर्ग की 800 मीटर दौड़ में 2 मिनट 11 सैकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। धावक के यहां पहुंचने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह डीएचबीवीएन के सेक्टर 1 एवं 4 कार्यालय तथा सिटी कार्यालय में आयोजित किया गया। समारोह में निगम के उप मंडल अधिकारी मनदीप कुंडू एवं कार्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने सोहन सिंह को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और भविष्य में भी निगम, प्रदेश व देश के लिए इसी प्रकार पदक जीतने की शुभकामनाएं दीं।

**सुविधा**

### जगदीश और हनुमान कॉलोनी के 1500 घरों को मिलेगा पर्याप्त स्वच्छ पेयजल

# गवर्नमेंट कॉलेज में बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन

- विधायक विनोद भयाना बोले-क्षेत्रियों की पूरानी मांग हुई पूरी लाख रुपये रुपये आई लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

विधायक विनोद भयाना ने गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय में लगभग 61 लाख रुपये की लागत से निर्मित बूस्टिंग स्टेशन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि इस बूस्टिंग स्टेशन के बनने से शहर की जगदीश तथा हनुमान कॉलोनी में रहने वाले करीब 5000 लोगों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि इन दोनों कॉलोनियों के 1500 घरों के पेयजल कनेक्शन इस बूस्टिंग स्टेशन से जोड़े गए हैं।

विधायक ने कहा कि जगदीश तथा हनुमान कॉलोनी में रहने वाले नागरिक अलग से बूस्टिंग स्टेशन बनवाने की मांग काफी दिनों से कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूस्टिंग स्टेशन के उद्घाटन के साथ ही लोगों की यह मांग पूरी हो गई है।

विधायक ने कहा कि हांसी क्षेत्र में पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भाखड़ा नहर से पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। और इसी वर्ष गर्मी के मौसम में क्षेत्र के नागरिकों को भाखड़ा का पानी मिलना शुरू हो जाएगा। इस विकास परियोजना पर लगभग 80 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।




**हांसी।** राजकीय महाविद्यालय में नवनिर्मित बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी, मार्केट कमेटी अध्यक्ष दिनेश धवन, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, गोलू चावला, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, संदीप गुर्जर, एसडीओ विक्रम कुमार, सुभाष आर्य, गुलशन, विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा सहित क्षेत्र के अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**बस स्टैंड के दुकानदारों को रेट लिस्ट लगाने के दिए निर्देश, निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल का भी किया निरीक्षण**

# डीसी ने नागरिक अस्पताल के रेनोवेशन का काम 31 मार्च तक पूरा करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- पुलिस चौकी का भी निरीक्षण करके व्यवस्था जांची।




फतेहाबाद। विभिन्न कार्यालयों व संस्थानों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को जिले में स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों व संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत बड़ोपल स्थित राजकीय स्कूल से की गई, जहां उन्होंने हाजिरी रजिस्टर की जांच की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों से शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया तथा मिड-डे मील की स्वच्छता एवं गुणवत्ता की भी बारीकी से जांच की। उपायुक्त ने बड़ोपल पुलिस चौकी का भी निरीक्षण करके व्यवस्था जांची। शहर के पुराना नागरिक अस्पताल में चल रहे रेनोवेशन के काम को डीसी ने 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करने के आदेश दिए ताकि मरीजों को हो रही परेशानियों को दूर किया जा सके। रेनोवेशन काम में हो रही देरी को लेकर समाजसेवी विनोद अरोड़ा ने डीसी को शिकायत की थी। इसके पश्चात उपायुक्त डॉ. विवेक भारती नए बस स्टैंड पहुंचे। यहां उन्होंने दुकानदारों को रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से लगाने के निर्देश दिए। डीसी ने यात्रियों से बसों की समय-सारिणी, सुविधा एवं व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया और यात्रियों की सहूलियत को प्राथमिकता देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बस स्टैंड परिसर में स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों— जैसे रैन बसेरा, पे ब्रांच, ऑडिट ब्रांच, विधि शाखा, लेखा शाखा, रिकॉर्ड रूम, हैप्पी कार्ड शाखा, सहायक कृषि अभियंता कार्यालय, जिला उद्योग केंद्र तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीसी ने कर्मचारी हाजिरी रजिस्टर की जांच की गई और कार्यालयों में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उपायुक्त निर्माणाधीन नए नागरिक अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए पुराने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर वहां चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि नागरिक अस्पताल जिले के लोगों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, इसलिए यहां आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा और कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे हो तथा सुंदरीकरण कार्यों के दौरान अस्पताल की मूल स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार का व्यवधान न आए। इसके उपरांत उन्होंने लघु सचिवालय के द्वितीय खंड स्थित ई-दिशा, कृषि विभाग, डीईटीसी सहित अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### लड़कों में मनदीप व लड़कियों में ज्योति सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 24वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में लड़कों में बीए तृतीय वर्ष से मनदीप सोनी व लड़कियों में बीए तृतीय वर्ष से ज्योति सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमित्रा सांगवान ने शिरकत की। मंच संचालन प्रो. पूनम सोनी ने किया। इस प्रतियोगिता में लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर ज्योति द्वितीय स्थान पर प्रवीन कौर व तृतीय स्थान पर जीवनजोत कौर रही। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर मनदीप सिंह रहे।

### हिजरावां व थेड़ी में विद्यार्थियों को करवाया सूर्य नमस्कार



**फतेहाबाद।** महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग के तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी प्रवीण शर्मा, जिला योग कोऑर्डिनेटर भारती चौहान एवं जिला नोडल अधिकारी अंबिका पांटा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग फतेहाबाद द्वारा हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। सूर्य नमस्कार अभियान की शुरुआत 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से हुई थी। इसी कड़ी में आज सरकारी स्कूल हिजरावां खुर्द व थेड़ी में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के लाभों के बारे में भी बताया गया।

### गांव नकटा में बाल विवाह रोकने की ली शपथ



**रतिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग फतेहाबाद द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान ग्राम सचिव प्रमोद, सरपंच जयभागवान दहिया, सुरेंदर सीपीएलओ नकटा, कुलबीर सिंह, सतनाम सिंह, मिंटू सिंह, कुलदीप सिंह, रमनदीप कौर पंच, शरणदीप कौर पंच, सुमन देवी पंच, अर्जुन सिंह के सहयोग से गांव नकटा में गुरुद्वारे के ग्रंथी, पंडित, पैलेस के प्रबंधक, धर्मशाला के संचालक, कैटरिंग वाले, डीजे साउंड वाले एवं फोटोग्राफरों और ग्रामीणों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी गई। सभी मौजूद लोगो ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली।

### नशा समाज के लिए चिंता : एसपी



**सिरसा।** सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है,और इससे निपटने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। एसपी वीरवार को जीडी गोयंका स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर बना देती है। पुलिस का लक्ष्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं है, बल्कि समाज में नशे के खिलाफ एक नई सोच विकसित करना भी है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह नशे से दूर रहे और यदि किसी परिचित को इस लत का सामना करना पड़ रहा है, तो उसे सही रास्ता दिखाने में मदद करें।

### क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम




**फतेहाबाद।** पीएम श्री स्कूल में कानूनी साक्षरता क्लब द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक विद्यालयों ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में क्रेसंट स्कूल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट तैयारी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने डॉक्यूमेंट्री, पेंटिंग, कविता-पाठ, भाषण, क्विज़, स्लोगन लेखन, लेख-लेखन, डिबेट एवं पावर-पॉइंट प्रेजेंटेशन जैसी सभी प्रतियोगिताओं में भागीदारी करते हुए सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपनी योग्यता का परचम लहराया। डॉक्यूमेंट्री में कंगना ने प्रथम स्थान एवं पावर-पॉइंट प्रेजेंटेशन में कुश ने अपने तकनीकी कौशल से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए एक बार फिर से प्रथम स्थान हासिल किया। लेख लेखन में कनिष्का ने अपनी निबंध लेखन रचना पर विशेष प्रशंसा हासिल करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डिबेट प्रतियोगिता में तन्मय व ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया एवं कविता-पाठ में उश्मीत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सभी का मन मोह लिया। किया। भाषण प्रतियोगिता में श्रृष्टि ने तृतीय स्थान एवं मानिका ने स्लोगन लेखन में तृतीय स्थान तथा पेंटिंग में हितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर के चौथे 14 दिवसीय स्थापना महोत्सव के चौथे दिन भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया व भजन- कर दो बेड़ा पार मैं खाटू आएंगा, भर दे श्याम झेली भर दे, किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे, घुंघटियो आड़ै आग्यो जी मैं देख कोनी पाई बाबा श्याम, चाकर राख ले सांवरिय तेरो बहोत बड़ो दरबार सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद हिसार से आए भजन गायक अभिनव ऐरन ने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। ऐरन ने भजन- आओ जी आओ खुशियां मनाओ, वो आ गया खाटू वाला नील घोड़े वाला, कीज्यो केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम, वीर हनुमाना अति बलवाना, लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का, हारा हूं बाबा पर तुम पर भरोसा है, हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा, छोडेगें ना हम तेरा साथ ओ बाबा मरते दम तक सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्यामप्रेमी रात भर नाचते रहे। इस दौरान 8:15 बजे बाबा श्याम को भोग लगाकर श्याम रसोई का प्रसाद वितरित किया गया।

### पीपीपी के नाम पर बुजुर्गों की पेंशन काटकर उनके सम्मान पर कुठाराघात कर रही हरियाणा सरकार



जतिन खिलेरी

**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष जतिन खिलेरी ने भाजपा सरकार द्वारा बुजुर्गों की पेंशन काटे जाने की की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि परिवार पहचान पत्र को हथियार बनाकर बुजुर्गों की सामाजिक पेंशन में कटौती करना अमानवीय और जनविरोधी कदम है। जेजेपी नेता का कहना है कि सरकार की यह कार्रवाई न केवल बुजुर्गों की आर्थिक सुरक्षा छीन रही है, बल्कि उनके आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचा रही है। जतिन खिलेरी ने कहा कि ताऊ देवीलाल जी ने 17 जून 1987 को 100 प्रतिमाह से इस ऐतिहासिक योजना की शुरुआत बुजुर्गों को सम्मान देने के लिए की थी। यह योजना बुजुर्गों के आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा देने की सोच का प्रतीक थी लेकिन अब भाजपा सरकार पीपीपी को हथियार बनाकर समाप्त बुजुर्गों की पेंशन बंद कर रही है जोकि हरियाणा के वरिष्ठ नागरिकों का अपमान है। यह फैसला उस सामाजिक न्याय की विरासत को तोड़ता है जिसे बिना भेदभाव और सम्मान के लिए शुरू किया गया था।

### कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में संपन्न हुई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गायत्री के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में खंड स्तर के विजेताओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने की। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा चलाए गए कार्यों से नए केवल बच्चों में कानूनी ज्ञान का प्रचार-प्रसार होता है, बल्कि बच्चों की प्रतिभाओं का विकास भी होता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कानूनी साक्षरता मिशन के साथ जुड़े हुए अध्यापकों को दिशा- निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विद्यालयों में कानूनी क्लब के माध्यम से छात्रों में सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाए, जो कि राष्ट्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। इन विजेता बच्चों की राशि उनके खाते में शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम स्थान पर 2100 रुपये, द्वितीय स्थान पर 1500 रुपये व तृतीय स्थान पर 1100 रुपये प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### उपमंडलाधीश ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रतिया।** उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने वीरवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी समाधान शिविर की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका तय समय में समाधान करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपडेट रहे व रतिया उपमंडल पर कोई भी शिकायत पेंडिग न रहे।

### सकारात्मक सोच से होता है व्यक्तित्व विकास

**फतेहाबाद।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में व्यक्तित्व विकास पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता डॉ. विजयवीर सिंह ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास एक सतत प्रक्रिया है जिसमें आत्म-जागरूकता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

### फसल मुआवजा घोटाले में 12वां आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** करोड़ों रुपये के बहुचर्चित बड़ोपल फसल मुआवजा घोटाले में इकनोमिक सैल फतेहाबाद की टीम ने 12वें आरोपी को भी काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान चन्द्रमोहन पुत्र महाबीर निवासी बड़ोपल के रूप में हुई है। इकनोमिक सैल प्रभारी निरिक्षक सन्दीप ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच में सामने आया कि वर्ष 2021 की खरीफ फसल के खराबे के नाम पर राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलीभगत कर सरकारी खजाने को भारी चपत लगाई थी।

### दुष्कर्म व धमकी के मामले में आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** महिला के साथ दुष्कर्म एवं धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान राहुल पुत्र सुरेश कुमार निवासी गांव नांगला के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि पीड़िता द्वारा थाना सदर टोहाना में उपस्थित होकर शिकायत दी गई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी द्वारा उसके घर में घुसकर जबरदस्ती उसके साथ गलत कार्य किया गया।

### तीन हेरोइन तस्करों को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से तीन तस्करों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एबीवीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा निवासी रवि कुमार, परमजीत सिंह व रानियां निवासी मोनू सिंह के रूप में हुई।

## फर्द और जमीन से जुड़े कार्यों में आई रुकावटें, कामकाज ठप

# राजस्व अधिकारियों की गिरफ्तारी और निलंबन से खफा तहसीलदार हड़ताल पर

- उपायुक्त को मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री और वित्तायुक्त (राजस्व) के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। डीसी को ज्ञापन सौंपते तहसीलदार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में हाल ही में राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों की गिरफ्तारी और निलंबन की कार्रवाई को लेकर राजस्व अधिकारी एसोसिएशन के आह्वान पर तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं। तहसीलदारों के हड़ताल पर जाने से आज तहसील कार्यालयों में कामकाज ठप रहा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री और वित्तायुक्त (राजस्व) के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिसमें इन कार्रवाइयों की निष्पक्ष समीक्षा करने की मांग की गई है। वीरवार को जहां पटवारी हड़ताल खत्म कर काम पर लौटे तो तहसीलदार हड़ताल पर चले गए। ऐसे में तहसील कार्यालय व ई-दिशा में होने वाले कामकाज आज भी ठप्प रहे और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रजिस्ट्री, फर्द, इंतकाल कर जमीन से जुड़े दर्जनों काम प्रभावित हुए।

ज्ञापन में कहा गया है कि हाल के दिनों में कुछ अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी एवं निलंबन जैसी कठोर प्रशासनिक और दंडात्मक कार्रवाई की गई है, जिससे पूरे राजस्व तंत्र में कानूनी अनिश्चितता और भय का माहौल पैदा हुआ है।

### मामले की पारदर्शी जांच की मांग

एसोसिएशन का कहना है कि इसका प्रतिकूल प्रभाव पंजीकरण और राजस्व कार्यों के सुचारू संचालन पर पड़ सकता है। एसोसिएशन के अनुसार जिन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है, उनमें रायपुर रानी के तहसीलदार विक्रम सिंगला, वजीराबाद के नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार तथा नारायणगढ़ (अंबाला) के तत्कालीन नायब तहसीलदार संजीव अत्री शामिल हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ मामलों में वैधानिक संरक्षण और प्रक्रियात्मक प्रावधानों के कथित उल्लंघन की आशंका भी सामने आई है, इसलिए पूरे मामले की पारदर्शी जांच आवश्यक है। एसोसिएशन ने मांग की है कि संबंधित मामलों की तथ्यात्मक स्थिति की निष्पक्ष समीक्षा कर उचित निर्णय लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकारियों के सेवा नियमों और कानूनी अधिकारों का पालन हो। साथ ही, विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का मनोबल बनाए रखने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

### विभागीय व्यवस्था को मजबूत बनाए सरकार

एसोसिएशन का कहना है कि राजस्व विभाग प्रशासनिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और अधिकारियों के बीच असुरक्षा का माहौल बनने से सरकारी कार्यों की गति प्रभावित हो सकती है, इसलिए सरकार से अपेक्षा है कि वह संतुलित और न्यायसंगत दृष्टिकोण अपनाते हुए विभागीय व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

**कांग्रेस ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन**

## मनरेगा समाप्त होने से बढ़ेगी बेरोजगारीः विधायक




**फतेहाबाद।** वीबी-जीराम जी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने सहित अनेक स्थानीय मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वीरवार को फतेहाबाद में डीसी कार्यालय के बाहर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। धरने पर पहुंचे सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर टोहाना के विधायक एवं पूर्व मंत्री परमवीर सिंह, फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, कांग्रेस जिला प्रधान अरविंद शर्मा ने विशेष तौर पर भाग लिया। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह व बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा लाखों परिवारों के लिए जीवनरेखा रही है। इसके समाप्त होने से गरीबी, बेरोजगारी और पलायन में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा एक कानूनी अधिकार था, जिसमें प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मांग पर प्रति वर्ष 100 दिन रोजगार की गारंटी दी गई थी लेकिन नए अधिनियम में इसे समाप्त कर दिया गया है।

### शिक्षा-स्वास्थ्य पर घटता खर्च हरियाणा के भविष्य के साथ अन्यायः सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में आई रिपोर्ट से यह तथ्य सामने आया है कि हरियाणा में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों पर प्रति व्यक्ति खर्च राष्ट्रीय औसत से कम है। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि यही दो क्षेत्र किसी भी राज्य के मानवीय विकास, सामाजिक सुरक्षा और भविष्य की नींव होते हैं। सांसद सैलजा ने गुरुवार को मीडियो को जारी प्रेस बयान में कहा कि राज्य सरकार बड़े-बड़े दावे करती रही है कि नए मेडिकल कॉलेज, बेहतर अस्पताल, आधुनिक विद्यालय और महाविद्यालय खोले गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर तस्वीर अलग दिखाई देती है। अनेक सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, दवाइयां और जांच सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसी प्रकार, कई विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और प्राचार्यों के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**निजीकरण और लेबर कोड का विरोध**

## हरियाणा रोडवेज का 12 को रहेगा चक्का जाम



फतेहाबाद। हड़ताल की तैयारियों को लेकर चर्चा करते रोडवेज कर्मचारी।


- तैयारियों को लेकर फतेहाबाद डिपो के गेट पर मीटिंग आयोजित

**फतेहाबाद।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने सरकार की नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। चार लेबर कोड बिल और रोडवेज के निजीकरण के विरोध में 12 फरवरी को रोडवेज कर्मचारियों द्वारा बसों का चक्का जाम किया जाएगा। हड़ताल की तैयारियों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों द्वारा फतेहाबाद डिपो के गेट पर मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में राज्य महासचिव सुमेर सिवाच और वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार सोराण ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हड़ताल की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक को राज्य सचिव सुबे सिंह धनाना, फतेहाबाद डिपो प्रधान राजकुमार बीघड़, सुरेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया। रोडवेज नेताओं ने कहा कि 12 फरवरी को सभी लिपिक भी हड़ताल पर रहेंगे और चालक-परिचालक भी मैकेनिक व निरीक्षकों के साथ हड़ताल में शामिल होंगे।

**कार्रवाई** | शहर में 2473 उपभोक्ताओं के 10 हजार से अधिक का बिल बकाया

# रतिया शहर में 5346 उपभोक्ताओं ने नहीं भरा पानी का बिल, अब कटेंगे सीवरेज-पानी के कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। राजस्व वसूली को लेकर चर्चा करते अधिकारी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पीने के पानी की बर्बादी रोकने के साथ-साथ बकाया राजस्व की वसूली को लेकर सख्त रुख अपना रहा है। रतिया शहर में 5346 उपभोक्ताओं ने अपना पानी का बिल नहीं भरा है। इन उपभोक्ताओं में से 2473 ऐसे उपभोक्ता है जिस पर विभाग का 10 हजार से अधिक का बिल बकाया है। ऐसे में विभाग जल्द ही इन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की तैयारी में है।

बता दें कि पिछले एक साल से विभाग द्वारा जिले में राजस्व वसूली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद अनेक ऐसे उपभोक्ता है जोकि बिल अदायगी को गंभीरता से नहीं ले रहे। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रतिया शहर में 2873 ऐसे उपभोक्ता है जिनके 5 हजार तक के पानी के बिल बकाया है। इसके अलावा 2038 उपभोक्ताओं का 10 हजार तक बिल बकाया है। 351 उपभोक्ताओं के 20 हजार तक, 55 उपभोक्ताओं के 30 हजार तक, 26 उपभोक्ताओं के 40 हजार बिल बकाया है। तीन उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका पानी का बिल 50 हजार से अधिक बकाया है। इनसे बिल वसूली को लेकर विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। उपमंडल अभियंता सतपाल रोज ने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं के बिल लंबे समय से बकाया हैं, उनके खिलाफ विभाग अब सख्त कार्रवाई करेगा।

### रतिया शहर में बकाया राशि का विवरण

3 उपभोक्ता : 50,000 से अधिक
26 उपभोक्ता : 40,000 तक :
55 उपभोक्ता : 30,000 तक
351 उपभोक्ता : 20,000 तक
2,038 उपभोक्ता : 10,000 तक
2,873 उपभोक्ता : 5,000 तक

### विभाग लेगा यह एक्शन

विभाग ने संकेत दिए हैं कि इन बकायेदारों के खिलाफ जल्द ही कठोर कदम उठाए जाएंगे। जिनमें प्रमुख रूप से पानी व सीवरेज कनेक्शन काटना, बकाया राशि पर जुर्माना लगाना, बड़े बकायेदारों को कानूनी नोटिस जारी करना आदि शामिल हैं।